पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मीर अनीस व मीर तक़ी मीर की कब्र का जीर्णोद्वार होगा

उत्तर प्रदेश में उर्दू गैलरी बनाये जाने के लिये विचार होगा

लखनऊः 17 मार्च, 2015

लखनऊ स्थित मरसिया के शंहशाह के नाम से मशहूर, मीर अनीस और उर्दू के मशहूर शायर, खुदाये सुख़न कहे जाने वाले मीर तकी मीर की कब्र उनके शायाने-शान बनवाये जाने के लिए अपनी सहमति दी है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव ने आज राजभवन में राज्यपाल, श्री राम नाईक और उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद, पद्मश्री श्री मुज्जफर हुसैन से मुलाकात के दौरान कही।

उल्लेखनीय है कि आज श्री मुज्जफर हुसैन मीर अनीस की क्रब पर गये थे जहाँ उन्होंने पाया कि कब्र का रख-रखाब ठीक नहीं है। श्री हुसैन कहा कि दोनों ऐसे विद्वान और प्रसिद्ध शायर हैं जिन्होंने उर्दू साहित्य को बहुत समृद्ध किया।

मुख्यमंत्री ने उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद, पद्मश्री श्री मुज्जफर हुसैन से कहा कि परिषद उत्तर प्रदेश में उर्दू गैलरी बनाये जाने के लिये प्रस्ताव भेंजे, जिस पर विचार किया जायेगा। गैलरी में उर्दू के साहित्यकारों, विद्वानों और पत्रकारों की यादों को विरासत के तौर पर एक जगह संरक्षित करने का काम किया जायेगा।